संख्या-सा-01/मु.म.का-4/2012

प्रेषक,

राकेश गर्ग,
प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 8 मई, 2012

विषयः- उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता से संबंधित प्रकरणों में समयबद्ध आख्या उपलब्ध कराया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में यह अवगत कराना है कि माननीय मुख्य मंत्री जी को जनता दर्शन के दौरान तथा अन्य विभिन्न अवसरों पर विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता हेतु अनुरोध प्राप्त होते हैं। इन अनुरोधों को बहुधा जनपदों को आख्या हेतु भेजा जाता है तथा जनपदीय आख्या एवं संस्तुति के आधार पर प्रदेश की जनता को गंभीर रोगों के उपचार, निर्धनता एवं आर्थिक दुर्बलता, दुर्घटना, परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु एवं कतिपय अन्य मामलों आदि में मा0मुख्यमंत्री जी द्वारा अपने विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। क्योंकि ऐसे अधिकांश प्रकरणों में तात्कालिक सहायता की आवश्यकता होती है अतः इस संबंध में जनपदीय आख्याओं का निर्धारित समय के भीतर प्राप्त होना अति आवश्यक है।

2- उपरोक्त के आलोक में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रकरण में संबंधित जनपदीय आख्यायें निर्धारित/वांछित समयान्तर्गत शासन को अवश्य उपलब्ध करा दी जाय, ताकि प्राथमिकता पर कार्यवाही हो सके। मण्डलायुक्त प्रत्येक माह होने वाली अपनी समीक्षा बैठक में इस बिन्दु को भी सम्मिलित कर मासिक समीक्षा करना सुनिश्चित करें तथा उनके अधीन जनपदों में लम्बित आख्याओं को निस्तारित कराकर इसकी सूचना शासन को समय-समय पर उपलब्ध करायें।

भवदीय,

(राकेश गर्ग)
प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री